दिनांक 14 सितम्बर, 2018 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में Entreprenurship के तत्वावधान में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया । जिसका विषय था – Entreprenuship for Women Issues and Challenges. इस विषय पर महाविद्यालय की छात्राओं को सशक्त बनाने के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता जी की प्रेरणा से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ । मुख्य वक्ता के रूप में प्रियंका गर्ग – CA, सोनिया चौधरी – Make up Artist and Stylist, सुमित कौर – International Business Administer, Harmon Steel and Tubes एवं पल्लवि शर्मा – Restaurenter with defence उपस्थित थीं ।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रियंका के व्याख्यान से हुई, जिसमें उन्होंने छात्राओं को Entreprenurship का मतलब संक्षिप्त रूप में समझाया । साथ ही उन्होंने बताया की लड़कियाँ ज्यादा समझदार, महनती एवं समर्पित होती है । इसलिए वे एक अच्छी Entreprenur बन सकती है ।

इसके बाद सोनिया चौधरी ने छात्राओं के साथ अपना अनुभाव सांझा किया और कुछ Audio Visual Aids

दिखाकर छात्राओं को विभिन्न Entreprenurs के उदाहरणों से अवगत कराया । सोनिया, अग्रवाल महाविद्यालय की एक Alumini हैं ।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया की एक अच्छी Entreprenur बनने के लिए ईमानदार होना बहुत जरूरी है और साथ ही अच्छा खाना और प्राणायाम जरूरी है ।

इसके बाद सुश्री सुमित कौर ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुई कहा की अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए खुद पर विश्वास रखना जरूरी है । अगर खुद पर भरोसा हो तो इन्सान अपनी मंजिल तक जरूर पहुँचता है ।

इसके उपरान्त पल्लवी ने छात्राओं को समझाया कि एक नए व्यापार को शुरू करने के लिए कैसे प्लान करना होता है ।

अन्त में प्रश्न–उत्तर चरण हुआ, जिसमें छात्राओं ने अपनी नीजी एवं शैक्षिक जिंदगी से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जिनके उन्हें बहुत महत्वपूर्ण उत्तर मिले ।

यह कार्यशाला प्रबंधन विभागाध्यक्षा डॉ. शिल्पा गोयल एवं उनके सहयोगी तृप्ति, डॉ. आशिमा, निधी, नेहा एवं सोनिया के सहयोग से सम्पन्न हुई । महाविद्यालय की छात्राओं ने पूर्ण जोश व उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी सहयोजिता की ।